तापमान
अधिकतम 23 .0 डिग्री
न्यूनतम 7 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 नवंबर 2025

11 खेल बच्चों का मानसिक संतुलन आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम



11 जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने देशभक्ति और उत्साह...



## खबर संक्षेप

### 11.22 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने गांव खेड़ा खेमावती के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से 11.22 ग्राम हेरोइन को बरामद किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों को सूचना मिली थी कि खेड़ा खेमावती के सती माता रोड पर व्यक्ति नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है।

### कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर ट्रायल 30 को

**कैथल।** जिला खेल अधिकारी राजरानी ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 के अवसर पर दो दिसंबर को थीम पार्क कुरुक्षेत्र में बलराम कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। इसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

### विवि में हरियाणा महोत्सव का शुभारंभ आज से होगा

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि द्वारा तीन दिवसीय हरियाणा उत्सव का भव्य आयोजन 28 से 30 तक किया जाएगा। सांस्कृतिक महोत्सव का उद्देश्य हरियाणवी संस्कृति, लोककला, लोकनृत्य तथा प्रदेश की पारंपरिक विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करना है। विवि परिसर में आयोजित होने वाला यह उत्सव विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं स्थानीय समुदाय के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### अवैध पिस्तौल सहित आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा थाना चीका क्षेत्र से आरोपी को काबू किया है। जिसके कब्जे से देसी पिस्टल बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ इससे पूर्व जिला कैथल में 10 आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम दोपहर गश्त पर थी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती पूनम सुनेजा के निर्देश अनुसार 13 दिसंबर को न्यायिक परिसर जींद, नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा तथा प्रत्येक कार्य दिवस को स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

### कैथलः चोरों ने लाखों का सामान व नकदी चुराई

**कैथल।** थाना पुंडरी क्षेत्र से चोर दो अलग-अलग स्थानों से लाखों रुपए का बिजली का सामान चुरा कर ले गए। बिजली निगम पूंडरी के उपमंडल अभियंता कुलदीप ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 नवंबर को चोर गांव मुदडी से ट्रांसफार्मर का सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत 58374 रुपए बताई गई है। मामले में चोरों ने गांव फतेहपुर से ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** धर्मसिंह कालोनी नरवाना से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। धर्मसिंह कालोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया गत दिवस उसकी बीस वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई।

### राशन डिपो से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** गांव भूसला के राशन डिपो से चोर हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। गांव भूसला के डिपो होल्डर सुरेंद्र कुमार ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 नवंबर की रात को चोर उसके गांव में बने राशन डिपो का ताला तोड़ते हुए वहां पर रखा सरसों का तेल, गेहूं तथा 800 की नकदी चुरा कर ले गए।

*दो घंटे की हड़ताल समाप्त होते ही डॉक्टरों के कमरों के बाहर लगी मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें*

# सरकारी चिकित्सकों की हड़ताल से मरीज परेशान

**केवल गंभीर मरीजों को ही इमरजेंसी में उपचार मिला और वहां भी मरीजों की भीड़ रही**

**सुबह नौ से 11 बजे तक चिकित्सकों ने नहीं की ओपीडी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान पर गुरूवार को सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक दो घंटे की हडताल पर रहे। इस दौरान चिकित्सकों ने किसी भी तरह की ओपीडी नही की जबकि जनसेवा को देखते हुए इमरजेंसी, डिलवरी तथा पोस्टमार्टम जैसी अहम सेवाओं को बहाल रखा गया। दो घंटे के दोरान चिकित्सकों के न मिलने से मरीजों व उनके तिमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। केवल गंभीर मरीजों को ही इमरजेंसी में उपचार मिल पाया और वहां भी लोगों की भीड़ रही। 11 बजे चिकित्सकों ने अपनी हडताल समाप्त की और मरीजों को देखना शुरू किया। बावजूद इसके पूरा दिन चिकित्सकों के कमरे के बाहर लाइनें लगी रही। गुरूवार को कुल ओपीडी 1230 रही। हालांकि मरीज तथा तिमारदार सुबह ही अस्पतालों में पहुंचना शुरू हो गए थे। उनकी ओपीडी स्लिप तो कटी लेकिन चिकित्सकों ने ओपीडी नही की। स्वास्थ्य विभाग में एसएमओ की सीधी भर्ती को लेकर की दो घंटे की हडतालः हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा के नेतृत्व में चिकित्सक सुबह नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग के सामने एकत्रित हुए और नारेबाजी की। डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि दो घंटे की हडताल को लेकर पहले ही उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया था। स्वास्थ्य विभाग में एसएमओ की सीधी भर्ती की जा रही है। अगर ऐसा होता है तो वर्तमान में कार्यरत चिकित्सकों की पदोन्नति रुक जाएगी। जिससे उनका मनोबल गिरना स्वाभाविक है। इस फैसले के विरोध में सभी चिकित्सकों ने गुरूवार को दो घंटे के लिए काम न करते हुए अपना विरोध जताया है। डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि विभाग ने पहले भी इस तरह का निर्णय लिया था लेकिन विरोध के बाद फैसला वापस ले लिया था। अब फिर से विभाग ने एसएमओ की सीधी भर्ती करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर एसएमओ की सीधी भर्ती होती है तो सालों से जनता की सेवा कर रहे चिकित्सक पदोन्नति से वंचित रह जाएंगे। प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा तथा डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि दो घंटे की हड़ताल पर रहते हुए भी चिकित्सकों ने अपना नैतिक फर्ज निभाया है। सभी अस्पतालों में इमरजेंसी, डिलीवरी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को बहाल रखा गया है। इमरजेंसी सेवाओं को लेकर आमजन को भी कोई परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है।



जींद। नागरिक अस्पताल में ओपीडी स्लिप के लिए लाइन में लगे लोग।



जींद। हडताल समाप्त होने का इंतजार करते मरीज। फोटो :हरिभूमि



जींद। रोष जताते हुए चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

#### लोगों की भारी भीड़ लगी रही

जिला में वैसे ही चिकित्सकों की कमी है बावजूद इसके जितने भी सरकारी अस्पतालों में चिकित्सक उपलबध हैं, वो भी दो घंटे की हड़ताल पर चले गए तो लोगों को उपचार के लिए भटकना पड़ा। हालांकि इमरजैंसी सेवाएं ही बहाल रखी गई थी और इमरजेंसी वार्ड के सामने उपचार को लेकर लोगों की भारी भीड़ लगी रही।

#### 1600 से ऊपर पहुंची ओपीडी

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। यहां प्रतिदिन सप्ताहभर में ओसतन 1800 तक की ओपीडी होती है। सोमवार या किसी छुट्टी से अगले दिन यह ओपीडी बढ़ कर दो हजार तक पहुंच जाती है। गुरूवार को अस्पताल खुलने के साथ ही मरीज पहुंचना शुरू हो गए। चिकित्सकों ने सुबह नौ से 11 बजे तक हडताल की। पूरे दिन में 1230 ओपीडी हुई। अस्पताल में उपचार के लिए आई सुनीता ने बताया कि उसकी हाथ की हड्डी में दर्द है लेकिन चिकित्सक दो घंटे हडताल पर हैं। अब उन्हें निजी अस्पताल में उपचार के लिए जाना होगा। वहीं दमे के रोगी राजेश ने बताया कि उसे दवा लेनी थी और वह सुबह ही पहुंच गया था। यहां चिकित्सक दो घंटे हडताल पर थे। उस से सांस लेने में भी परेशानी हो रही है। जैसे ही हडताल समाप्त कर चिकित्सक अपने कमरों में पहुंचे तो उपचार के लिए मारामारी शुरू हो गई।

#### मेडिकल के लिए भटकते दिखे युवा

गुरूवार को हडताल के चलते चिकित्सकों ने दो घंटे काम नही किया। जिसके चलते मेडिकल करवाने आए अभ्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। युवा नरेश व दिनेश ने बताया कि उनका सिलेक्शन केंद्र सरकार की सेवा में हुआ है। वो मेडिकल करवाने के लिए आए थे लेकिन चिकित्सक दो घंटे की हडताल पर हैं। वो जल्द से जल्द मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवाना चाह रहे थे लेकिन 11 बजे के बाद ही प्रक्रिया शुरू हो पाई।

#### जानकारी उच्च अधिकारियों को दी

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि चिकित्सकों की दो घंटे की हडताल की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई थी। अस्पताल में इमरजेंसी, पोस्टमार्टम और लेबर जैसी सेवाएं जारी रही हैं। गंभीर मरीजों का उपचार इमरजेंसी में करवाया गया है।

#### निभाया जाएगा नैतिक फर्ज

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के प्रधान डा. बिजेंद्र ढांडा तथा डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि हड़ताल पर रहते हुए भी चिकित्सक अपना नैतिक फर्ज निभाया है। सभी अस्पतालों में इमरजेंसी, डिलीवरी तथा पोस्टमार्टम सेवाओं को बहाल रखा गया है ताकि आमजन को भी कोई परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा गया है।

## सरनाखेड़ी में तालाब में गिरकर डूबने से तीन वर्षीय बच्चे की मौत

**शव को सफीदों अस्पताल के शव गृह में रखवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



सरनाखेड़ी में खेलते समय तालाब में गिर कर डूबने से बच्चे की मौत हो गई। मृतक बच्चे के शव को सफीदों नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सरनाखेड़ी निवासी साहिल का तीन वर्षीय बेटा सर्बिल वीरवार को मकान के बाहर गली में खेला रहा था। उसी दौरान गली के दूसरे छोर पर बने तालाब में गिर कर डूब गया। कुछ दूरी पर काम कर रहे मजदूरों का ध्यान तालाब में गिरे बच्चे की तरफ गया। उन्होंने बच्चे का बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद बच्चे को नागरिक अस्पताल सफीदों लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कार ने थ्रीव्हीलर को मारी टक्कर, वृद्धा की मौत

**सच्चा खेड़ा और दनौदा गांव के बीच में हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



सच्चा खेड़ा और दनौदा गांव के बीच में वीरवार को एक कार चालक ने ऑटो को पीछे से टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा ऑटो के नीचे फंस गया। इस दुर्घटना में 70 वर्षीय मूर्ति देवी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दबलैन गांव से एक ऑटो चला जिसमें चार व्यक्ति सवार होकर अग्रोहा जा रहे थे। जिसमें मूर्ति देवी, नरेश, कोमल, अभिषेक और रामनिवास ऑटो ड्राइवर सवार था। बताया जा रहा है कि नरेश की पत्नी कोमल को इलाज के लिए अग्रोहा इलाज के लिए लेकर जाया जा रहा था कि ऑटो में अचानक से सच्चा खेड़ा और दनोदा गांव के बीच में एक कार चालक ने टक्कर मारी। जिस कारण ऑटो में सवार मूर्ति देवी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। कार चालक कार को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस ने मृतका के शव को नरवाना के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### सड़क हादसे में युवक की मौत

**कैथल।** कैथल के जींद रोड स्थित अतिरिक्त अनाज मंडी के पास ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार इकलौते बेटे की मौत हो गई। वह अपने पीछे पत्नी, दो बेटी व एक बेटा छोड गया। शहर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में शिव कॉलोनी कैथल के अनुज ने बताया कि 25 नवंबर को उसके जीजा गांव किच्छाना के अभिषेक बाइक से अपने किसी काम से अतिरिक्त अनाज मंडी के पास से जा रहे थे। रात करीब 10 बजे जब वह अतिरिक्त अनाज मंडी के नजदीक था तो अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वे उसे अस्पताल में लेकर गए, जहां पर उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता ने कहा कि यह हादसा ट्रेक्टर ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ है। उसके जीजा 3 बहनों के इकलौते भाई थे। अब उनकी मौत से परिवार पर दुखों से घिर गया है।



सीवन। वेयरहाउस में जांच के लिए पहुंची पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

#### सरकारी वेयरहाउस से सरसों के 64 बैग गायब

**सीवन।** सीवन के सरकारी वेयरहाउस में भारी लापरवाही और संदिग्ध गतिविधि का मामला सामने आया है। वेयरहाउस में रखे गए सरसों के स्टॉक से 64 बैग गायब होने की शिकायत पर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुनीता सैनी ने तत्परता दिखाते हुए अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। सीवन थाना प्रभारी सुनीता सैनी, सीन ऑफ क्राइम टीम कैथल के साथ वेयरहाउस पहुंची और पूरे परिसर का मौका निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस में कार्यरत निजी कंपनी के कर्मचारियों तथा वेंचर एजेंसी के प्रतिनिधियों से भी विस्तारपूर्वक बातचीत की। सुनीता सैनी ने बताया कि सरकारी वेयरहाउस से सरसों के 64 बैग गायब होने की शिकायत प्राप्त हुई है। इस मामले में दो अलग-अलग शिकायतें दर्ज की गई हैं जोकि गोदाम प्रबंधन की ओर से व स्टॉक रखरखाव करने वाली निजी एजेंसी की ओर से है। इन दोनों शिकायतों के आधार पर जांच तेजी से चल रही है और आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि यह मामला गंभीर है और विभाग किसी भी स्तर पर लापरवाही या चोरी को बर्दाश्त नहीं करेगा। सभी संबंधित कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है तथा रिकॉर्ड की गहन जांच की जा रही है। कैसे गायब हुए 64 बैग? उठान नहीं हुआ।

## टमाटर की आड़ में ट्रक से डोडा पोस्त की तस्करी करते दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

■ टमाटर की करेटों के नीचे छुपा रखा था 72 किलो 50 ग्राम डोडा पोस्त

सदर थाना पुलिस ने गांव किनाना के निकट जींद-रोहतक नेशनल हाइवे फ्लाईओवर पर ट्रक को काबू कर उसमें से 72 किलो 50 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। डोडा पोस्त को नासिक से टमाटर की आड़ में तस्करी कर पंजाब ले जाया जा रहा था। सदर थाना पुलिस ने ट्रक चालक तथा उसके सहायक के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। विवि चौकी के कार्यवाहक प्रभारी भगवत दयाल बीती रात गांव किनाना के निकट जींद-रोहतक नेशनल हाइवे के फ्लाईअवर पर नाका लगा कर आने जाने वाले वाहनो पर नजर रखे हुए थे। उसी दौरान उन्हें ट्रक से नशा तस्करी कर जींद की तरफ लाए जाने की सूचना मिली। कुछ समय के बाद उन्होंने रोहतक की तरफ से आ रहे ट्रक को रूकवा कर तलाशी ली। ट्रक में टमाटर की करेट भरी गई थी। जब पुलिसकर्मियों ने करेटों को हटाया तो नीचे कट्टे दबे मिले। जिसकी जांच करने पर उनमें डोडा पोस्त भरा पाया गया। जिसका वजन 72 किलो 50 ग्राम पाया गया। पुलिस पूछताछ में ट्रक चालक की पहचान गांव उचाना कलां निवासी मनजीत तथा सहायक की पहचान गांव पाई निवासी मनदीप उर्फ दीपा के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि टमाटर को नासिक महाराष्ट्र से पटियाला पंजाब के लोड किया गया था। टमाटर करेट की आड में डोडा पोस्त को तस्करी कर पंजाब की तरफ ले जाया जा रहा था। सदर थाना पुलिस ने मनजीत तथा मनदीप के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।



पूंडरी। नगरपालिका में सड़क पर पड़ा सामान उठाते कर्मचारी।

#### नगरपालिका प्रशासन ने बाजार से हटाया अतिक्रमण

**पूंडरी।** शहर में नपा कर्मचारियों ने शहर में अतिक्रमण हटाया गया। कर्मचारियों ने दुकानदारों द्वारा बाहर सड़क तक रखे गए समान को जब्त किया। नगरपालिका के एस आई वीरेंद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ पूंडरी बाजार से अतिक्रमण हटाया। नपा की इस कार्रवाई से शहरवासियों में बड़ा खुशी का माहौल था, क्योंकि दुकानदारों द्वारा सड़क तक समान रखे जाने से यहा हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती थी और अगर इन दुकानदारों को कोई समान बाहर रखे के लिए कहते थे तो वो लडने पर उतर आते थे। बाजार के बीच डिवाइडर होने की वजह से वाहनों के चलने के लिए पूरी-पूरी जगह मुश्किल से बचती है। कई बार तो वाहन समान से टकरा जाते है और दुकानदार झगड़ा करने पर उतारू रहते है, जिसकी शिकायत नगरपालिका सचिव नरेश कुमार के पास बार-बार की जा रही थी, जिसके परिणाम स्वरूप पालिका अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई अमल में लाई। उन्होंने दुकानदारों अपील की है की वे अपना सामान सड़क पर न रखे। वहीं शहरवासी अशोक वधवा, मुकेश कुमार, सुरेश, विकास, सचिन व जितेंदर ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई समय-समय होनी चाहिए।

**दस्तावेजों में अनियमितता पाए जाने पर की कार्रवाई, पंचायती जमीन पर किया था अवैध कब्जा**

# डीसी ने संगतपुरा की महिला सरपंच को किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी ने गांव संगतपुरा की महिला सरपंच सोनिया देवी को सस्पेंड कर दिया। सरपंच को सस्पेंड करने का कारण चुनाव के दौरान प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में अनियमित बताई गई है। चुनाव के दौरान जो दस्तावेज महिला सरपंच द्वारा प्रस्तुत किए गए थे, उनमें महिला सरपंच ने बताया था कि गांव में उनका पंचायती जमीन पर कब्जा नहीं है, लेकिन बाद में जब गांव के एक व्यक्ति ने इस संबंध में शिकायत दी और डीसी



प्रीति के आदेश के बाद एसडीएम की कमेटी गठित कर जांच की तो पाया गया कि महिला के परिवार का पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा था। आरोपों की पुष्टि होते ही सरपंच को सस्पेंड कर दिया गया है। गांव के व्यक्ति ने शिकायत दीः बता दें कि मामले को लेकर गांव संगतपुरा के रहने वाले बलजीत सिंह नामक व्यक्ति ने शिकायत दी थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि महिला सरपंच के ससुर प्रेम सिंह का जमीन पर कब्जा है, लेकिन बिजली निगम से लिए गए शपथ पत्र में महिला ने यह कहा था कि उनका पंचायती जमीन पर कोई कब्जा नहीं है। एसडीएम की जांच में इसे एक गंभीर चूक करार दिया गया और यह भी कहा गया कि ऐसा करके महिला सरपंच ने अपने पद का दुरुपयोग किया है और अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही प्रकार से नहीं किया।

#### बैठक में भाग नहीं ले सकेगी

यह भी पाया गया कि महिला ने जो दस्तावेज अवैध कब्जा न होने से संबंधित पेश किए थे, वे गलत थे। उनके परिवार का पंचायती जमीन पर कब्जा था, जिसके चलते उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। साथ में डीसी ने लेटर जारी करते हुए यह भी आदेश दिए कि भविष्य में अब वह महिला सरपंच किसी भी पंचायत की बैठक में कार्यवाही में भाग नहीं ले सकेगी। इसके अतिरिक्त पंचायत की जो भी चल अचल संपत्ति उसके पास है, वह तुरंत बहुमत रखने वाले पंच को सौंप दी जाए।

#### पहले नोटिस दिया गया


सस्पेंड करने से पहले इस संबंध में महिला को कमेटी की ओर से नोटिस भी दिया गया, जिसका 7 दिन में जवाब मांगा गया था। महिला द्वारा 2 सितंबर को इसका लिखित जवाब एसडीएम कार्यालय में दिया गया। उसके बाद फिर 9 अक्टूबर, 16 अक्टूबर, 29 अक्टूबर व 10 नवंबर को सरपंच को डीसी के सामने अपने बयान देने के लिए बुलाया गया। इस दौरान महिला सरपंच द्वारा अपने पक्ष में दिए गए तर्क संतोषजनक नहीं पाए गए।

#### आरोप बेबुनियाद

मामले को लेकर सरपंच सोनिया के प्रतिनिधि संदीप (रामभगत) ने बताया कि उन्हें राजनीति का शिकार बनाया गया है। पहले जब अधिकारियों द्वारा मौके पर आकर जांच की गई तो उनका कोई कब्जा नहीं पाया गया था। जिस व्यक्ति ने उनके खिलाफ शिकायत दी, वह चुनाव में भी उनके खिलाफ ही था। उन पर लगे आरोप बेबुनियाद हैं।

### दुमाडा-चंदाना को जोड़ने वाली सड़क नहीं चढ़ी सिरे

**कलायत।** कलायत के गांव दुमाडा-चंदाना को जोड़ने वाली करीब दो किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य पिछले तीन वर्षों से सिरे नहीं चढ़ पा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने सडक़ निर्माण शुरू करते हुए रोड़ा लेयर शुरूआती दौर में तो बिछा दी थी। लेकिन उसके बाद कार्य आगे नहीं बढ़ पाया। दुमाड़ा गांव निवासी राजेश कुमार,विनोद और सुनील सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पहले जैसे-तैसे कच्चे रास्ते से काम चल जाता था। अब अधर में लटके निर्माण के कारण यह रास्ता चलने लायक नहीं रहा। नुकीले पत्थरों के कारण दोपहिया वाहन लगातार फिसल रहे हैं और लोग घायल होते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वे पिछले 3 वर्ष से लगातार विभाग से सडक़ बनाने की मांग कर रहे हैं।



जानकारी

शिखर चंद जैन

# दुनिया के ऊंचे-ऊंचे खूबसूरत पर्वत-शिखर

बच्चो, पहाड़ यानी माउंटेन हमारी पृथ्वी पर मौजूद विशाल, प्राकृतिक रूप से उठी हुई भौगोलिक संरचना होती है। ये हजारों लाखों साल से स्थिर खड़े हैं। दुनिया में एक से बढ़कर एक ऊंचे और खूबसूरत पहाड़ मौजूद हैं। जानो ऐसे ही कुछ खूबसूरत-ऊंचे पहाड़ों और पर्वत चोटियों के बारे में।


बच्चो, आसमान को चूमते, बादलों को सहलाते हुए से ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बहुत खूबसूरत ही नहीं आश्चर्यजनक भी लगते हैं। इनके बर्फीले शिखर, हरी-भरी वादियों से सजी चढ़ाई और बेशुमार पेड़-पौधों से ढंकी घाटियां, हर किसी का मन मोह लेती हैं। यहां तुम्हें दुनिया के कुछ खूबसूरत-ऊंचे पर्वत शिखरों के बारे में बता रहे हैं।

**सर्वोच्च पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट, हिमालयः** माउंट एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,848.86 मीटर (29,031.7 फीट) है। नेपाल और चीन की सीमा पर स्थित हिमालय के इस पर्वत शिखर को 'पृथ्वी का तीसरा ध्रुव' भी कहा जाता है। माउंट एवरेस्ट हिमालय पर्वत श्रृंखला का हिस्सा है। इसे नेपाली में 'सागरमाथा' कहते हैं, जिसका अर्थ 'आकाश की देवी' है। तिब्बती भाषा में इसे 'चोमोलुंगमा' नाम से पुकारा जाता है, जिसका अर्थ है 'विश्व की देवी मां'। इसकी बर्फ से ढंकी चोटियां सूरज की रोशनी में जब चमकती हैं तो दूर से देखने पर किसी रत्नजड़ित सफेद मुकुट-सी दिखती हैं। अपनी ऊंचाई और खूबसूरती के कारण माउंट एवरेस्ट पर्यटकों और पर्वतारोहियों के आकर्षण का केंद्र हमेशा से रहा है।



आसान नहीं के2-गॉडविन ऑस्टेन पर चढ़ाई करना

**खतरनाक चढ़ाई वाला के2-गॉडविन ऑस्टेन, काराकोरमः** पाकिस्तान और चीन की सीमा पर स्थित के2 दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,611 मीटर (28,251 फीट) है। यह अपनी सुंदरता के लिए जितना जाना जाता है, उतना ही अपनी खतरनाक चढ़ाई के लिए भी। इसे 'सेवेज माउंटेन' भी कहा जाता है। के2 की चोटी एक पिरामिड जैसी दिखती है और यह काराकोरम रेंज में स्थित है। इसके चारों ओर ग्लेशियर और बंजर जमीन का नजारा इसे दुनिया के अन्य पर्वत श्रृंखलाओं से अलग रूप प्रदान करता है। पाकिस्तान में विशाल बाल्टोरो ग्लेशियर पर चढ़कर इसके आधार तक पहुंचने के क्रम में यह कई मील दूर से दिखाई देता है। जैसे-जैसे पर्वतारोही इसके करीब पहुंचते हैं, यह पर्वत और भी अद्भुत और खूबसूरत नजर आता है।



भारत की सर्वोच्च और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची पर्वत चोटी कंचनजंगा

**भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी कंचनजंगा, हिमालयः** भारत और नेपाल की सीमा पर स्थित कंचनजंगा भारत की सबसे ऊंची पर्वत चोटी और दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी है। इसकी ऊंचाई लगभग 8,586 मीटर (28,169 फीट) है। इसका नाम तिब्बती मूल के चार शब्दों 'कांग-चेन-जो-नगा' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'महान हिम की पांच निधियां।' ऐसा माना जाता है कि इसमें सोना, चांदी, रत्न, अनाज और पवित्र पुस्तकें छिपी हुई हैं। यह पहाड़ अपनी बदलती रंगत के लिए जाना जाता है, सुबह और शाम के समय, सूरज की किरणें इसकी चोटियों को गुलाबी, नारंगी और सुनहरे रंगों से रंग देती हैं, जो देखने में बहुत ही जादुई लगता है।



अत्यधिक खूबसूरत नजर आता है मैटरहॉर्न

**पिरामिड जैसा पहाड़ मैटरहॉर्न, आल्प्सः** स्विट्जरलैंड और इटली की सीमा पर स्थित मैटरहॉर्न, आल्प्स पर्वत का एक हिस्सा है। इसकी ऊंचाई लगभग 4,478 मीटर (14,692 फीट) है। इसकी चोटी एक नुकीले पिरामिड की तरह दिखती है, बिल्कुल वैसा ही जैसा तुम बच्चे ड्रॉइंग में माउंटेन बनाते हो। इसकी आकृति चारों तरफ से पिरामिड की तरह ही दिखती है, जो इसे और भी अट्रैक्टिव बनाता है। स्विट्जरलैंड के जर्मेट गांव से अगर इस पहाड़ को देखा जाए तो इसका नजारा किसी पहाड़ की पेंटिंग जैसा खूबसूरत लगता है। इसकी खूबसूरती को देखने दुनिया भर के पर्यटक और प्रकृतिप्रेमी इसके करीब आते हैं।



अफ्रीका का सर्वोच्च पर्वत किलिमंजारो

**सुप्त ज्वालामुखी पर्वत किलिमंजारोः** तंजानिया में स्थित किलिमंजारो की ऊंचाई लगभग 5,895 मीटर (19,341 फीट) है। यह अफ्रीका का सबसे ऊंचा पर्वत है, जो वास्तव में एक विशाल सुप्त ज्वालामुखी है। इसकी चोटी पर हमेशा बर्फ जमी रहती है। यह अपनी चोटी पर मौजूद ग्लेशियरों के लिए प्रसिद्ध है, जबकि इसके चारों ओर गर्म अफ्रीकी मैदान हैं। हेलीकॉप्टर से किलिमंजारो के क्रेटर (ज्वालामुखी का मुंह) और ग्लेशियरों का नजारा बेहद खूबसूरत दिखता है। *



टियरगार्टन शॉनब्रुन जू, ऑस्ट्रिया

# कैसे होते थे दुनिया के शुरुआती चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर एक ऐसी जगह होती है, जहां तुम एक ही बाउंड्री के भीतर तरह-तरह के एनिमल्स और बर्ड्स देख सकते हो। क्या तुम जानते हो कि दुनिया का पहला जू कैसा था या शुरुआती चिड़ियाघर कैसे होते थे?

रोचक

नयनतारा

बच्चो, अगर तुम्हें वाइल्ड लाइफ यानी जंगली जीव-जंतुओं को देखने, उनके बारे में जानने में इंटरेस्ट है तो तुम अपने शहर या आस-पास के किसी शहर में जू यानी चिड़ियाघर जरूर घूमने गए होगे। जू में तुम ऐसे अनेक जंगली और दुर्लभ जानवरों को एकदम सामने से देख सकते हो, जिन्हें तुमने किताबों में या टीवी पर देखा होगा। लेकिन क्या तुम जानते हो दुनिया में इस तरह जू बनाने की शुरुआत कब और किसने की थी? आओ इस बारे में जानते हैं।

**पहला जू था-इंटेलिजेंस पार्कः** बच्चो, लगभग 3000 साल पहले एक चीनी बादशाह अपने राज्य में एक स्थान पर कई तरह के जानवरों को रखता था, जिसे वह 'इंटेलिजेंस पार्क' कहता था। उस चीनी राजा के कलेक्शन में जीवित जानवर ही थे या मृत, इसका प्रमाण नहीं मिलता है। ज्यादातर लोगों का यही मानना है कि वह राजा, जानवरों का अध्ययन करने के लिए और उनकी आदतें जानने के लिए उनको पालता था। इस लिहाज से देखा जाए तो शायद वही संसार का पहला जू था। आज भी जू में वाइल्ड एनिमल्स, बर्ड्स व रेप्टाइल्स (रेंगने वाले जीव) रखे जाते हैं, ताकि लोग उन्हें देखें-जानें और वैज्ञानिक उनका अध्ययन कर सकें।

**मनोरंजन का साधन थे पर्सनल जूः** समय बीतने के साथ गांव और शहर बड़े होते गए तो कुछ लोग जंगली जानवरों का शिकार कर या उन्हें कैदकर अपने घरों में लाकर रखते थे। लोग जंगली जानवरों को अकसर अपने पास पालते थे ताकि दिखाया जा सके कि वह कितने रईस और शक्तिशाली हैं। ऐसे लोग कभी-कभार लोगों को परमिशन देते थे ताकि लोग आकर उनके जानवरों का कलेक्शन देख सकें।

**पब्लिक जू बनाने की शुरुआतः** यूरोप में 9वीं शताब्दी की शुरुआत से ही पब्लिक जू बनने लगे थे। अगले 700 से 800 वर्षों के दौरान संसार के बड़े शहरों में कई सारे पब्लिक जू का निर्माण किया गया। वैसे, ऑस्ट्रिया के वियना में स्थित टियरगार्टन शॉनब्रुन को दुनिया का पहला आधुनिक चिड़ियाघर माना जाता है। यूनेस्को के विश्व धरोहर सूची में शामिल यह चिड़ियाघर आज भी संचालित है। जहां तक संसार के सबसे बड़े और मशहूर चिड़ियाघरों की बात है तो इनमें टोरंटो जू (कनाडा), मॉस्को जू (रूस), सैन डिएगो जू (यूएसए), लंदन जू (इंग्लैंड), वेस्ट बर्लिन जू (जर्मनी) आदि शामिल हैं। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# समझदार बनाती कहानियां

बच्चो, हाल में बाल कहानियों की एक किताब 'बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां' छपकर आई है। इसमें कुल जमा 27 कहानियां हैं। ये कहानियां हैं तो छोटी लेकिन इसमें तुम्हें समझदार इंसान बनने के लिए सरल ढंग से कई बड़ी बातें सीखने को मिल सकती हैं। किताब की शीर्षक कहानी 'बाल सभा पार्क' में तुम पढ़ोगे कि कैसे समझदार बच्चा अनुभव, अपनी युक्ति से कॉलोनी के पार्क को साफ-सुथरा करके खेलने योग्य बना देता है। 'ऐसे उतरा रील का भूत' में टिंकू की रील बनाने की आदत कैसे छूटती है, यह पढ़ सकते हो तो 'इम्यूनिटी से मुलाकात' में तुम पढ़ोगे कि अवि को कैसे समझ में आता है कि इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए क्या करना चाहिए? इसी तरह संग्रह की अन्य कहानियां पढ़कर तुमको यह भी महसूस होगा कि भले ही तुम अभी छोटे हो लेकिन अगर चाहो और सही दिशा में प्रयास करो तो बड़े बदलाव ला सकते हो। साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकते हो। *




**किताब:** बाल सभा पार्क एवं अन्य बाल कहानियां, **लेखक:** शिखर चंद जैन, **मूल्य:** 300 रुपए, **प्रकाशक:** प्रखर गूंज पब्लिकेशन, दिल्ली

## बूझो तो जानें




1. घर की रखवाली करता है,
वफादार कहलाता।
है मशहूर नींद इसकी तो,
देखें कौन बताता।।

2. गोलमटोल मगर छोटा सिर,
रंग है हल्का पीला।
काले धब्बे दिखते तन पर,
लेकिन खूब सजीला।।

3. 'मामा' कहकर इसे बुलाते,
रंग सुनहरा भूरा।
पेड़ों की डाली पर बैठा,
करता सबको घूरा।।

- डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर: 1.कुत्ता, 2.चीता, 3.बंदर

## जीके क्विज-181



1. वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप फाइनल में पहला स्वर्ण पदक किस भारतीय खिलाड़ी ने जीता?
2. मिस यूनिवर्स-2025 का खिताब किसने जीता?
3. एशियाई विकास बैंक का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
4. बटरफ्लाई शब्द का संबंध किस खेल से है?
5. कौन-सा रंग रेनबो के बीच में दिखाई देता है?
6. जीवाणु (बैक्टीरिया) की खोज किसने की थी?
7. कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में स्थित है?
8. 'लोकनायक' के नाम से किसे जाना जाता है?
9. बल का मात्रक क्या है?
10. भारत का दक्षिणतम बिंदु किस नाम से जाना जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-181 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-180 का उत्तर :** 1.डेविड स्जेले, 2.नई दिल्ली, 3.नीतीश कुमार, 4.लखनऊ, 5.लॉर्ड डलहौजी, 6.नारायण पंडित, 7.विटामिन-ए, 8.सूर्य, 9.इंफाल, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-180 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ओमदेव-मुंगेली, मान्या-दिल्ली, रमेश-बैकुंठपुर, दीपक-ईमेल से, हितेश-रायपुर, सौरभ-बिलासपुर, आंचल-दुर्ग, रोहन-महेंद्रगढ़, अंकित-रोहतक, आकाश-राजनांदगांव



नन्हे-मुन्नों के लिए कहानी

पुष्पा अंताणी

टिंकू ने घर में टंगी एक तस्वीर में समंदर में चलने वाला पानी का जहाज देखा। उसका मन हुआ, वह समुद्री जहाज में बैठकर सैर करे। टिंकू ने तुरंत समुद्री जहाज की व्यवस्था की। उसने स्वयं तो सैर की ही, अपने खिलौनों को भी सैर कराई। बच्चो, है ना अजीब बात! टिंकू के घर में कहां से आ गया समुद्र और समुद्री जहाज?

# जहाज में सवारी



नन्हा-सा टिंकू अपनी मम्मी के पास बैठकर दूध पी रहा था। उसकी नजर दीवार पर टंगी एक तस्वीर पर पड़ी। दूध का घूंट पीते हुए उसने तस्वीर की ओर इशारा करते हुए पूछा, 'मम्मी, यह क्या है?'

'यह पानी का जहाज है।' मम्मी ने बताया। 'मम्मी, क्या पानी का जहाज समंदर में चलता है?' टिंकू ने पूछा।

'हां, बेटा।' मम्मी बोलीं।

'मुझे समंदर बहुत पसंद है, मम्मी। मुझे जहाज में बैठना है।' टिंकू मचलते हुए बोला। 'बेटा, तुम अभी बहुत छोटे हो, बड़े हो जाओ तब जहाज में बैठना।' मम्मी ने दूध का गिलास नीचे रखते हुए समझाया। 'मम्मी, क्या बड़ा होने में ज्यादा समय लगता है?' टिंकू ने नया सवाल किया। 'नहीं रे, तुम तो अच्छे बच्चे की तरह दूध पी लेते हो। तुम जल्दी बड़े हो जाओगे। अब जाओ, अपने खिलौनों से खेलो।' मम्मी टिंकू के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोलीं। टिंकू ने प्लास्टिक की थैली से अपने सारे खिलौने बाहर निकाले। उसके पापा कल ही छोटे-छोटे खिलौने लाए थे। तोता, चिड़िया, बंदर, मोर, बाघ, जिराफ, गैंडा, शेर जैसे कई जानवर और पक्षी थे। टिंकू खुशी से अपने इन नए दोस्तों को देख रहा था। उसे लगा कि वे सब उसे कह रहे हैं, 'हमें जहाज में बैठना है।' सबका एक साथ शोर सुनाई दिया। टिंकू अपने कानों पर हाथ रखते हुए बोला, 'शांत हो जाओ सब! मैं तुम सबको जहाज में बिठाऊंगा।' तभी दादाजी सैर करके घर में आए। टिंकू उनके पास भागकर आया। दादाजी के हाथ में एक बड़ा कागज देते हुए बोला, 'दादाजी, इस कागज से मेरे लिए एक बड़ी-सी बोट बना दो ना! बहुत बड़ी बोट।' दादाजी बोट बनाने लगे। टिंकू बाथरूम में गया, वहां से एक टब ले आया। उसमें पानी भरा। दादाजी ने बोट बनाकर टिंकू को दे दी। टिंकू ने बोट अपने खिलौनों को दिखाई। 'देखो, यह है हमारा जहाज।' उसने खिलौनों को टब में भरा पानी दिखाया और बोला, 'यहां है समंदर... चलो, सब तैयार हो जाओ। मैं तुम सब को जहाज में घुमाने ले जाऊंगा। रास्ते में खाने के लिए नाश्ता भी ले आता हूं।'

टिंकू मम्मी के पास जाकर सेव, मुरमुरे, चॉकलेट, बिस्कुट, बेर वगैरह ले आया। सब कुछ नाश्ते के डिब्बे में रख दिया फिर बोट को टब के पानी में उतारा। उसमें सब खिलौने को अच्छी तरह से बैठा दिया। टिंकू अपनी एक अंगुली से कागज की बोट को हल्का-हल्का धक्का मारने लगा। टब के पानी में गोल-गोल घुमाने लगा। टिंकू को लगा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं, नाच रहे हैं। उसने टब को थोड़ा धक्का मारा। पानी थोड़ा उछला। खिलौने भी एक-दूसरे पर गिरे। टिंकू ने खिलौनों को सावधान किया, 'शरारत मत करो। अभी समंदर थोड़ा तूफानी है। सब अपनी जगह बैठे रहो।'

टिंकू को लगा कि उसकी बात सुनकर सब खिलौने जरूरत से ज्यादा शांत हो गए हैं। इसलिए वह बोला, 'अब डरने की कोई बात नहीं है। समंदर शांत हो गया है।' सब खुश हो गए। टिंकू ने बोट के छह-सात चक्कर लगाने के बाद उसे रोक दिया और बोला, 'तुम सबको भूख लगी होगी ना, चलो, थोड़ा नाश्ता खा लो।'

टिंकू ने सब खिलौने बोट से बाहर निकाले और बोला, 'संभल कर उतरना, किसी का पैर फिसला तो सीधे समंदर में गिरोगे। यहां समंदर काफी गहरा है।' टिंकू ने सभी खिलौने के सामने नाश्ता रखा। उसने भी नाश्ता किया। थोड़ी देर सब ने आराम किया। फिर टिंकू बोला, 'चलो, अब वापस लौटने का समय हो गया है।' सभी दोस्तों को फिर से बोट में बिठा दिया। बोट को उल्टी दिशा में चलाने लगा। थोड़े चक्कर लगाने के बाद वह बोला, 'वापस आ गए।' टिंकू ने देखा कि उसके सब दोस्त बहुत खुश हैं। हर कोई मानो उसे कह रहा हो, 'वाह, टिंकू भैया! जहाज में बैठने और घूमने में बड़ा मजा आया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद!'

टिंकू सारे खिलौनों को प्लास्टिक की थैली में वापस डालते हुए बोला, 'जब मैं बड़ा हो जाऊंगा, तब एक बड़े और सचमुच के जहाज में बैठूंगा और बड़े समंदर में घूमने जाऊंगा।' टिंकू आज बहुत खुश था। *

**गुजराती से अनुवादः सेतु अंताणी**

कविता / गिरिजा कुलश्रेष्ठ

# मोती ये कैसे हैं

बड़े सबेरे मुनियां रानी
मां को लगी जगाने।
देखो हरी घास पर बिखरे
मोती बड़े सुहाने।
मां ये मोती कितने सुंदर,
चमचम चमक रहे हैं।
सूरज की लाली में कैसे,
दमदम दमक रहे हैं।
रातों-रात भला किसने,
ये मोती यूं बिखराए।
इससे पहले कोई और
इन्हें चुनकर ले जाए,

मैं ही चुन लूं क्यों न इन्हें
मां, अपना हार बनाने,
गुड़िया को भी माला कंगन,
बना-बना पहनाने।
कुछ तुम भी अपनी चुनरी में
टांक सजा लेना मां,
जूड़े की पिन में ये मोती
खूब लगा लेना मां।
मुनियां मोती चुनने आई,
हंस कर और हुलस कर।
पर मोती कैसे थे जो,
छूते ही गिरे पिघल कर।



## रंग भरो-190

**रंग भरो-190** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



भव्य, धमतरी



माही, महासमुंद



फरहान, धमतरी




काव्या, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आद्या-उमरिया, प्रियंका-रायपुर, प्रवीण-भोपाल, किंशुक-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशन-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, तुषार-करनाल, अमन-बिलासपुर, आकाश-कोरबा

## रंग भरो 191





बच्चो, यहां पेंटिंग बना रही लड़की टीना का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### विवि लाइब्रेरी डा. भीमराव अंबेडकर के नाम पर होगा

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में निर्मित नई एवं अत्याधुनिक पुस्तकालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। संविधान दिवस के अवसर पर विवि प्रशासन द्वारा यह घोषणा की गई कि पुस्तकालय का नाम औपचारिक रूप से डा. भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी रखा जाएगा। यह निर्णय संयुक्त छात्र मोर्चा द्वारा रखी गई मांग का प्रत्यक्ष परिणाम है।

### साल भर में बनाएंगे बाल विवाह मुक्त जींद

**जींद।** पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिन की विशेष कार्ययोजना से उत्साहित गैरसरकारी संगठन एमडीडी आफ इंडिया जींद जिले को साल भर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करेगा। सौ दिवसीय जागरूकता अभियान, जिसे बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर पूरे देश में शुरू किया गया।

### पेंटिंग, ड्राइंग प्रतियोगिता का उत्साहपूर्वक आयोजन

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंघ हरको फैड के सौजन्य से पेंटिंग, ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। समुदाय के प्रति निष्ठा विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में कई विद्यालय के छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपने चित्रों के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी, और सामुदायिक मूल्यों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।

### संत कबीर महासभा की बैठक सात दिसंबर को

**जींद।** संत कबीर महासभा की बैठक सात दिसंबर को आयोजित होगी। संस्था के प्रधान सतबीर सिंह लाडवाल ने बताया कि संस्था के सभी आजीवन सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने के लिए बोला गया है। निर्माणाधीन संत कबीर छात्रावास में होने वाली यह बैठक दोपहर 11 बजे शुरू हो जाएगी। संस्था द्वारा छात्रावास एवं लाईब्रेरी भवन का निर्माण करवाया जा रहा है।

### छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से करवाया अवगत

**जींद।** नशा मुक्ति टीम ने बुढ़ाखेड़ा गांव के रावमवि में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। मुक्ति टीम के इचार्ज उपनिरीक्षक नरेश कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। आप सभी विद्यार्थी देश का भविष्य हो। पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाओ।

### भारत में गो हत्या कलंकः रामनिवास

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि वैसे तो भारत जैसे धर्म परायण देश में किसी भी प्राणी की अवैध हिंसा पाप है लेकिन जिस गाय का हर सांस प्राणी मात्रा के हित में हो,जो गाय कभी प्राचीन भारत की मुद्रा रही हो, जिन गायों के संध्या समय घर आते समय पांव से उठी धूल और गले में बंधी घटिया की आवाज को सुन कर देवता भी दिव्य लोकों को छोड़ कर कर भारत भूमि पर चले आते हो हों। भारत में गोहत्या भारत माता के माथे पर घातक कलंक है।

### बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक का आयोजन

**जींद।** सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी पुलकित मल्होत्रा के मार्गदर्शन में राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सफीदों में संपन्न हुई।

### एसडीएम ने आमजन की समस्याएं सुनीं

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र ने वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रज़ा के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में नागरिक विभिन्न विभागों से जुड़ी 9 समस्याएं लेकर पहुंचे। संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

---

### मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में नन्हे खिलाड़ियों का उत्सव

# खेल बच्चों का मानसिक संतुलन आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम

### यूकेजी तक के बच्चों ने खेलों में सक्रिय भागीदारी की

**प्रथम दिन का शुभारंभ अत्यंत गरिमा व उत्साहपूर्वक किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में वीरवार का दिन ऊर्जा, उत्साह और उल्लास से भरा हुआ रहा। जहां प्री नर्सरी से लेकर यूकेजी कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में पूरे जोश के साथ भाग लिया। विद्यालय परिसर सुबह से ही रंग बिरंगी सजावट, संगीत और बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज उठा। खेलों के प्रथम दिन का शुभारंभ अत्यंत गरिमा व उत्साहपूर्वक किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में डा. राजेश भोला और डा. मंजीत धिमान ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी मोनिका ने कार्यक्रम में शिरकत की और बच्चों का मनोबल बढ़ाया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। जहां विद्यालय का ध्वज गर्व के साथ आसमान में लहराया गया।



**जींद।** प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

#### बच्चों ने पूरा दमखम दिखाया

इसके बाद खेल भावना, अनुशासन और ऊर्जा का प्रतीक मशाल प्रज्ज्वलन किया गया। छोटे बच्चों द्वारा मशाल लेकर मैदान का चक्कर लगाना दर्शनीय और प्रेरणादायक था। प्री नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। बच्चों का आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्साह देखकर उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने तालियों से उनका हौसला बढ़ाया। दौड़ प्रतियोगिता में 50 मीटर रेस, क्रोरेस, रिले रेस, कछुआ रेस, फ्रूट रेस, लेमन रेस, कलर सॉर्टिंग गेम आदि जैसे कई रोचक खेल आयोजित किए गए। जिनमें बच्चों ने पूरा दमखम दिखाया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डा. राजेश भोला और डा. मंजीत धीमान ने कहा कि छोटे बच्चों में खेल सिर्फ मनोरंजन नही बल्कि शारीरिक विकास, मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास बढ़ाने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस प्रकार का आयोजन करने की सराहना की। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने अतिथियों का धन्यवाद करते कहा कि विद्यालय सदैव बच्चों के शैक्षणिक साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास पर भी समान रूप से ध्यान देता है।

#### खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा

उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। प्री नर्सरी से यूकेजी तक के सभी बच्चों ने खेलों में सक्रिय भागीदारी की। सभी खेलों का संचालन प्रशिक्षित शिक्षकों की देखरेख में सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित तरीके से किया गया और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। बच्चों के खेलते समय की मुस्कान, तालियों की गड़गड़ाहट, शिक्षक, शिक्षिकाओं का सहयोग और अभिभावकों का उत्साह यह सब मिलकर कार्यक्रम को अत्यंत सफल बना गया। छोटे बच्चों की भागदौड़, हंसी, खुशी और मासूम ऊर्जा ने वातावरण को और भी जीवंत बना दिया। विद्यालय द्वारा आयोजित यह खेल समारोह न केवल एक खेल कार्यक्रम था बल्कि बच्चों की प्रतिभा, ऊर्जा और क्षमता को निखारने का एक सुंदर प्रयास भी था। इस आयोजन ने विद्यालय के संपूर्ण वातावरण को उत्सवमयी बना दिया और सभी को यह संदेश दिया कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

---

# बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई

- डीएवी कॉलेज में 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

डीएवी कॉलेज में 100 दिवसीय अभियान 'बाल विवाह मुक्त भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सतपाल जांबा ने शिरकत की। कॉलेज के छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक कुप्रथा के विरुद्ध व्यापक जागरूकता फैलाना तथा युवा पीढ़ी और समुदाय को इस मुद्दे पर सक्रिय भूमिका के लिए प्रेरित करना है।


विधायक सतपाल जांबा में विद्यार्थियों को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाते।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान विधायक सतपाल जांबा ने सभी उपस्थित अध्यापकगण, विद्यार्थियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, बहनों और नागरिकों के साथ मिलकर 'बाल विवाह मुक्त भारत' बनाने की सामूहिक शपथ भी दिलवाई। विधायक ने कहा कि यह 100 दिवसीय अभियान बाल विवाह के खिलाफ एक मजबूत सामाजिक चेतना पैदा करेगा। बच्चों के भविष्य की सुरक्षा तभी संभव है जब बाल विवाह पूरी तरह समाप्त हो। इस अवसर पर चेयरमेन भीम सेन अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ. राजेश टूरण, पुरुषोत्तम शर्मा, गुरुदेव सिंह, सुनीता शर्मा, सरपंच लाभ सिंह, डॉ. विश्वजीत राणा, मनोज कुमार, मदनलाल, शिवकुमार, सोनू, धर्मेंद्र, सुनील कुमार, संत मदन मोहन , सतीश दास जी सहित कॉलेज के अध्यापकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।


**ढांड।** भाजपा नेता अशोक गुर्जर व अन्य ढांड में आत्मनिर्भर भारत एवं घर-घर स्वदेशी विषय पर कार्यशाला में भाग लेते। फोटो :हरिभूमि

### घर-घर स्वदेशी विषय पर कार्यशाला

**ढांड।** भाजपा ढांड मंडल द्वारा आज राधा कृष्ण धर्मशाला ढांड में आत्मनिर्भर भारत एवं घर-घर स्वदेशी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मार्केट कमेटी ढांड के चेयरमैन विजेंद्र मेहला ने व मंच का संचालन मास्टर सुखबीर कौल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला अध्यक्ष कैथल एवं जिला पानीपत प्रभारी अशोक गुज्जर, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद कैथल के चेयरमैन कर्मबीर कौल और बीएलए-1 के विधानसभा प्रभारी महावीर धेरुडू का फूल मालाओं व पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि अशोक गुज्जर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मूल उद्देश्य हर घर स्वदेशी को अपनाना है। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत आर्थिक रूप से इतना मजबूत बने कि विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा हो सके। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर तभी बनाया जा सकता है, जब हम अपने देश में बने स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करें।

### तीन दिवसीय 350 साला शहीदी शताब्दी समागम आज

**जींद।** नौवीं पातशाही धन-धन साहिब श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के शुक्रवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय 350 साला शहीदी शताब्दी समागम के लिए पंडाल सज कर तैयार हैं। गुरुद्वारा साहिब के साथ लगती भूमि पर हरियाणा कमेटी ने टैंट सिटी स्थापित की है। टैंट सिटी के प्रमुख पंडाल में धन-धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के पवित्र स्वरूप का प्रकाश होगा। जहां पर सिख पंथ के प्रसिद्ध रागी, ढाडी व कविश्री जत्थे गुरबाणी कीर्तन करेंगे और ढाडी जत्थे अपनी ढाडी रचनाओं के माध्यम से गुरु साहिब के जीवन प्रसंग सांझा करेंगें। इसके साथ ही कविश्री जत्थे भी अपनी प्रस्तुति देकर संगत को गुरु इतिहास से जोडेंगें। साथ ही महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त समागम स्थल पर एंट्री के साथ ही मेडिकल कैंप भी लगाया जाएगा। जहां संगत को निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएगी। संगत को किसी भी तरह से कोई भी समस्या न हो, इसके लिए हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कड़े निर्देश दिए हैं।

---

### समाधान शिविर में डीसी ने सुनी जन समस्याएं

**जींद।** जिला सचिवालय के सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कहा कि शिकायतकर्ताओं के आवेदनों को लंबित न रखा जाए और न ही उनके समाधान में कोई देरी की जाए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिला सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रह कर आमजन की शिकायतों का निवारण करते हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे समाधान शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और अपनी समस्याओं का निवारण कराएं और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।


**जींद।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी।


**कैथल।** डीसी प्रीति सड़क सुरक्षा एवं स्कूल वाहन समिति की बैठक लेते।

### सड़क सुरक्षा को लेकर दिए कड़े निर्देश

**कैथल।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा एवं स्कूल वाहन समिति की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। डीसी प्रीति ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने स्पष्ट किया कि सड़कों से जुड़ी शिकायतों को अधिकारी अत्यंत गंभीरता से लें और आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता दें। सभी सड़कों पर साइन बोर्ड, सफेद पट्टी, रिफ्लेक्टर आदि लगाए जाएं, ताकि आने वाले महीनों में धुंध के कारण कोई दुर्घटना न घटे। डीसी प्रीति ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी तालमेल से काम करे और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव प्रयास करें। सड़क सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कैथल-चीका रोड को ठीक करवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, उन्होंने कौल गांव की सड़क को भी दुरुस्त तथा अंबाला रोड से खनौरी रोड तक की सड़क का संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

### संस्कृत विवि के छात्रों का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृति विवि, कैथल के 37 विद्यार्थियों ने पंचकूला स्थित नेचर कैंप थापली का दौरा किया, जिसमें 26 छात्राएं एवं 11 छात्र उपस्थित रहे। हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय विशेष भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रकृति, संस्कृति और राज्य की विरासत के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में पर्यावरणीय संवेदनशीलता, सांस्कृतिक चेतना, नेतृत्व गुणों और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। शैक्षणिक दौरे के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव, कुरुक्षेत्र का दौरा किया। शैक्षणिक भ्रमण की यह यात्रा 25 नवम्बर को प्रातः 7:00 बजे प्रारम्भ और 26 को सायंकाल सभी वापस कैथल पहुँचे। विवि के कुलगुरु प्रो. राजबीर सिंह के मार्गदर्शन में प्रारम्भ हुई इस यात्रा के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजय गोयल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। राज्य फार्मेसी काउंसिल के चेयरमैन बी बी सिंगल समेत, महर्षि वाल्मीकि संस्कृति विवि, कैथल से डॉ शर्मिला, डॉ. गोविन्द वल्लभ, श्री अमन वर्मा और सुश्री इंदु प्राध्यापक के रूप में एवं छात्र दल का नेतृत्व करते शिवानी, विष्णु, प्रतिमा, अक्षय और प्रिया समेत अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।


भ्रमण के लिए रवाना होते महर्षि वाल्मीकि संस्कृति विवि के विद्यार्थी।


**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते तथा हवन के दौरान यजमान व ब्राह्मण।

### मां दुर्गा की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की

**राजौंद।** राजौंद में नगर खेड़ा के साथ बने हाल में मूर्ति स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें श्री राम दरबार श्री गणेश जी मां सरस्वती, खाटू श्याम जी श्री हनुमान जी मां दुर्गा की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। पिछले 5 दिन से चल रहे कार्यक्रम में सभी नगर के लोगों ने सहयोग किया। नगर की दादा खेड़ा कमेटी के प्रधान मोहकम राणा,कैशियर धर्मेंद्र अरोड़ा व राजकुमार बंसल, आचार्य रामभगत हरित ने बताया कि 5 दिन तक चले मूर्ती स्थापना कार्यक्रम में बुधवार को मूर्तियों की नगर परिक्रमा के साथ-साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें 108 महिलाओं ने सर पर कलश उठाकर पूरे नगर की कलश यात्रा में भाग लिया। गुरुवार को सिसला धाम से ज्योत लेकर आए। विद्वान ब्राह्मणों द्वारा गुरुवार को हवन यज्ञ के साथ पूर्णाहुति डालकर मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम संपन्न करवाया गया। जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने बताया की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रतिदिन अलग-अलग पूजा का आयोजन करवाया गया। इसमें सभी का भरपूर सहयोग रहा।

---


**नरवाना।** कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

**नरवाना।** केएम गवर्नमेंट कॉलेज में प्लेसमेंट सेल एवं वीमेन सेल के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन कॉलेज प्राचार्य डॉ मीनू सिंह ने किया। विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों से जुड़कर भविष्य के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। आज के सत्रों में दो विशिष्ट वक्ता सरकारी कॉलेज फॉर गर्ल्स पलवल कुरुक्षेत्र व डॉ सीमा पांडे एसोसिएट प्रो ;कॉम एमोनिका असिस्टेंट प्रो ;अंग्रेजीद्ध कार्यक्रम का संचालन राजेश कुमारए ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी ने किया। प्रथम सत्र में डॉ सीमा पांडे ने कॉन्फिडेंस बिल्डिंग एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट पर अत्यंत प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। सत्र के दौरान उन्होंने आत्मविश्वास बढ़ानेए प्रभावी संवाद कौशल और सकारात्मक सोच विकसित करने के व्यावहारिक तरीकों पर प्रकाश डाला। उनका पूरा सत्र दो.तरफ़ा संवाद पर आधारित रहाए जिसमें छात्रों ने खुलकर प्रश्न पूछे और सक्रिय रूप से भाग लिया। दूसरे सत्र में मोनिका ने रिज़्यूमे राइटिंग और प्रोफ़ेशनल ई.मेल राइटिंग पर उपयोगी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

# जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया एनसीसी स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल एनसीसी इकाई 10 हरियाणा बटालियन कुरुक्षेत्र ने राष्ट्रीय कैडेट कोर का 78वां स्थापना दिवस पूरे जोश और सम्मान के साथ मनाया। इस अवसर पर विद्यालय देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य नरेश के स्वागत के साथ हुई। प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते एनसीसी के आदर्श वाक्य /"एकता और अनुशासन/" के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा, /"एनसीसी न केवल युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण से परिचित कराता है, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण और निस्वार्थ सेवा की भावना भी जगाता है।/" इस विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए छात्रों द्वारा देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। एनसीसी अधिकारी श्री मुनीश ने छात्रों को एनसीसी की शपथ दिलाई व सभी ने मिलकर एनसीसी गीत गया। जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन व अन्य कमेटी सदस्यों ने कैडेट्स को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं देते रक्षा के क्षेत्र में नए-नए अवसर तलाशने के लिए व छात्रों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।


**कैथल।** जाट कालेज में एनसीसी दिवस मनाते अधिकारी।


**नरवाना।** सोनम को सम्मानित करते हुए।

### भाषण प्रतियोगिता में सोनम रही द्वितीय

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला कालेज की प्राचार्या डॉ अंजना लोहान व सोशल फॉर्म की कन्वीनर डॉ नयनदीपए हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अनीता छाबड़ा ने छात्रा सोनम को हार्दिक बधाई दी। मीडिया प्रभारी डॉ अनीता छाबड़ा ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 24 नवम्बर को उचाना के राजीव गांधी महाविद्यालय में हरको फैड द्वारा जींद जिले में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में हमारे कॉलेज की छात्रा सोनम ने भाग लिया था। सोनम ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सोनम को ?2100 की नकद राशि के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने छात्रा सोनम को शाबाशी देते हुए कहा कि आप आगे भी इसी तरह विविध प्रतिस्पर्धाओं में अग्रणी रहकर अपने माता.पिताए गुरुजनों व संस्था का नाम ऊंचा करती रहना। संस्था के प्रधान सुरेश सिंघलए उप प्रधान राजकुमार गोयलए महासचिव जियालाल गोयल व कोषाध्यक्ष धर्मवीर गोयल ने छात्रा सोनम के साथ प्रभारी प्राध्यापिकाओं को भी इस जीत के लिए बधाई प्रेषित की।

---

### विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी किया

# शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों से अब गैर शैक्षणिक कार्य नहीं किया जाएगा। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक व खंड शिक्षा अधिकारी के नाम पत्र जारी किया है। अक्सर शिक्षकों को डेपुटेशन पर कार्यालयों में, बीएलओ व उल्लास परीक्षा में सर्वे सहित अन्य कार्यों पर लगा दिया जाता है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होती है। अब 22 दिसंबर से नौवीं और 11वीं कक्षा के सेट 2 व 10वीं और 12वीं की प्रो बोर्ड एग्जाम 22 जनवरी से शुरू हो रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को अब परीक्षाओं की तैयारी करने में आसानी होगी। निदेशायल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि विभाग के संज्ञान में लाया गया है कि सरकारी विद्यालयों के अध्यापकों को कई प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्य सौंपे जा रहे हैं। कुछ अध्यापक तो पिछले कई वर्षों से निर्वाचन कार्यालयों में कार्यरत हैं। कुछ को उपमंडल स्तर पर निरंतर गैर शैक्षणिक कार्यों में लगाया गया है। इस बारे में सभी को ज्ञात होना चाहिए कि यह शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। आरटीई एक्ट की धारा 27 के अनुसार विद्यालयों के अध्यापकों को किसी भी प्रकार का गैर शैक्षणिक कार्य नहीं सौंपा जा सकता है, सिवाय उन कार्यों के जिन्हें अधिनियन में विशेष रूप से छूट प्रदान की गई है।



जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय।

#### परीक्षा की तैयारी करवाने में होगी आसानी

विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जारी पत्र में निर्देश दिए हैं कि सभी अध्यापकों की तत्काल गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त किया जाए। ऐसे अध्यापक को शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य विभाग के गैर शैक्षणिक कार्य में तैनात हैं उन्हें तत्काल प्रभाव से बिना किसी विलंब के कार्य मुक्त किया जाए। वार्षिक परीक्षाएं निकट है। भविष्य में गैर.शैक्षणिक कार्य सौंपने की प्रक्रिया किसी भी जिला स्तरीय कार्यालयों द्वारा निदेशालय की लिखित अनुमति के बिना नहीं की जाए। यदि किसी जिले में कोई आवश्यक कार्य होए जो आरटीई एक्ट में छूट प्राप्त कार्यों के दायरे में आता हो तो ऐसी बैठक जिसमें अध्यापकों की डयूटी लगाने का निर्णय लिया गया हैए उसकी कार्रवाई एवं विस्तृत विवरण सहित प्रस्ताव निदेशालय को भेजा जाए। निदेशालय से अनुमोदन प्राप्त होने पर ही ऐसे कार्य के लिए अध्यापक की तैनाती की जा सकेंगी।



### यातायात नियमों के पालन के लिए किया प्रेरित

**कैथल।** ट्रैफिक थाना एसएचओ ट्रैफिक इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने मुख्य सिपाही कपिल, होमगार्ड बलकार , प्रदीप व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ बस स्टैंड कैथल पहुंचकर ऑटो चालक वा ई रिक्शा चालक को इकट्ठा करके ट्रैफिक नियमों बारे समझाया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने चालकों को संदेश दिया कि सड़क पर लापरवाही से वाहन चलाना स्वयं की जान और दूसरों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। टीम ने चालकों को ओवरलोडिंग, गलत पार्किंग, नशे की हालत में वाहन चलाने और तेज रफ्तार से होने वाले खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही चालको से अपील की गई कि वे हमेशा निर्धारित स्थान पर ही वाहन खड़ा करें, सवारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। एसएचओ ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन करने से न केवल दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा, बल्कि सड़क पर अनुशासन व सुरक्षित माहौल भी बनेगा। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि वे सड़क पर संयम और धैर्य का परिचय दें तथा दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें।

## खबर संक्षेप

### दुकानों की बजाय खाद सोसायटियों में भेजें

पाई। खाद दुकानों की बजाय गांव की सोसायटियों में भिजवाईं जाये तथा वहां से प्रत्येक किसान को खाद दी जाये। भाकियू के राष्ट्रीय सलाहकार अजीत सिंह हाबड़ी, कार्यकारी प्रधान बलवान पाई आदि ने कहा कि हरियाणा सरकार दुकानों पर सख्ती केवल कागजों में ही करती है। दुकानों पर से किसानों को खाद बिना किसी दुसरी वस्तु के नहीं मिलती। किसान को मजबूरी वंश खाद के साथ दवाई व अन्य सामान लेना पड़ता है।

### जिला स्तरीय जागरूकता कैंप आज

जींद। वित्त मंत्रालय के वित्त सेवा विभाग द्वारा आपकी पूंजी, आपका अधिकार कार्यक्रम के तहत जागरूकता कैंप का आयोजन 28 नवंबर शुक्रवार को हमेटी परिसर में सुबह साढ़े 11 बजे किया जाएगा। एलडीएम ने बताया कि शिविर का उद्देश्य नागरिकों को बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों में उपलब्ध अनक्लेम्ड राशि, अप्राप्त दावों संबंधित जानकारी देना है।

### कक्षा छठी के लिए चयन परीक्षा 13 दिसंबर

कैथल। पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय तितरम कैथल के प्राचार्य उमेश कुमार ने बताया कि कक्षा 6वीं हेतु चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड सीबीएई की वेबसाइट से डाउलोड कर सकते हैं।

विधायक सतपाल जांबा की मौजूदगी में कार्रवाई

# अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का पीला पंजा, गिराए गए निर्माण

**भोले-भाले लोगों को लूटने वालों को किसी कीमत पर नहीं बख्शूंगा : जांबा**



पूंडरी। मोके पर मौजूद विधायक सतपाल जांबा तथा अवैध कालोनी पर चलता पीला पंजा फोटो : हरिभूमि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

विधानसभा क्षेत्र पूंडरी में अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों पर गुरुवार को बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई देखने को मिली, प्रशासन का पीला पंजा जमकर चला। खास बात यह रही कि इस कार्रवाई की कमान किसी अधिकारी ने नहीं बल्कि स्वयं विधायक सतपाल जांबा ने संभाली। दोपहर करीब 1 बजे विधायक जांबा पूरे प्रशासनिक अमले के साथ पूंडरी ब्रह्मानंद कॉलोनी पार्ट-2 में पहुंचे, जहां अवैध कॉलोनी पर जेसीबी चलवाकर सड़कों, चारदीवारी व अन्य निर्माणों को ध्वस्त कराया गया। विधायक के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से कॉलोनाइजरों व प्लॉट धारकों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और विधायक को खुद कार्रवाई करवाता देख भरोसा व संतोष व्यक्त किया। पूंडरी के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई के दौरान विधायक स्वयं मौके पर खड़े रहे। किसी ने प्रत्यक्ष रूप से विरोध नहीं किया, लेकिन प्लॉट धारकों कहते सुना गया कि पहले रोकना चाहिए था।

कार्रवाई के दौरान किसी ने खुलकर विरोध नहीं किया, लेकिन कुछ प्लॉट धारकों ने नाराजगी जताई। उनका कहना था कि जब कॉलोनी काटी जा रही थी, तब प्रशासन ने रोकथाम नहीं की। अब जब कॉलोनाइजर अधिकतर प्लॉट बेचकर जा चुके हैं, तब कार्रवाई की जा रही है।

किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। ड्यूटी मैजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार अभिषेक, डीटीपी विभाग के अधिकारी और पुलिस प्रशासन पूरी कार्रवाई में मौजूद रहे।

**किसी तरह की ढिलाई नहीं होगी**

विधायक सतपाल जांबा ने मौके पर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि पूंडरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के धंधे को किसी भी कीमत पर नहीं चलने दिया जाएगा। कुछ लोग सस्ते प्लॉट के नाम पर भोले-भाले लोगों को फंसाकर उनकी मेहनत की कमाई लूट रहे हैं। यह षड्यंत्र पूंडरी में नहीं चलने दिया जाएगा। अवैध विकास से न केवल लोगों की जमा-पूंजी जोखिम में पड़ती है, बल्कि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं—बिजली, पानी, सड़क, सीवरेज—पर भी भारी दबाव पड़ता है और सरकार को लाखों रुपये का राजस्व नुकसान होता है। विधायक ने साफ कहा कि ऐसे माफिया तत्वों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। इस मौके पर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट अभिषेक, डीटीपी विभाग, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, जय राम गौशाला प्रधान ओम प्रकाश गोलन, नगर पालिका उपाध्यक्ष रामप्रसाद, हिशम सिंह बुक्कल, निर्मल, मुल्तान सहित अन्य लोग मौजूद रहे। पूंडरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ यह कार्रवाई प्रशासन और जनप्रतिनिधि की संयुक्त सख़्ती का स्पष्ट संकेत है कि अब नियमों को ताक पर रखकर कॉलोनी काटने वालों पर नकेल कसना शुरू हो गई है।

# सीवन नगर में अव्यवस्थित डिवाइडर हर रोज बन रहे हादसों का कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। सीवन में टूटा हुआ डिवाइडर दिखाता दुकानदार। फोटो :हरिभूमि

सीवन नगर के मुख्य मार्ग पर बने डिवाइडर लोगों की सुरक्षा के बजाय अब खतरे का कारण बनते जा रहे हैं। नगर के बीचों-बीच यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से डिवाइडर तो बना दिए गए, लेकिन कई स्थानों पर ये न तो ठीक तरह से पूरे बने हैं और न ही कहीं कोई चेतावनी सूचक चिन्ह लगाए गए हैं। परिणामस्वरूप प्रतिदिन किसी न किसी वाहन चालक की इन डिवाइडरों से टकराकर दुर्घटना होने की खबर सामने आ रही है। दुकानदार एवं समाजसेवी अशोक गोयल, विजय सरदाना, गुलशन कामरा, बलजीत प्रजापत, गोल्डी रहेजा, दीपक, सुरेंद्र व अन्य ने बताया कि कैथल–पटियाला मुख्य मार्ग पर विभाग द्वारा डिवाइडर तो बनाए गए हैं, परंतु उन पर न तो रिफ्लेक्टर लगाए गए और न ही कोई सांकेतिक बोर्ड। जो वाहन चालक पहली बार इस मार्ग से गुजरते हैं या जो बाहर से आते हैं, वे इन डिवाइडरों को देख नहीं पाते दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना कोई न कोई वाहन चालक शिकार हो रहा है। दुकानदारों ने बताया कि नगर पालिका पहले इन डिवाइडरों की मरम्मत करवा चुकी है।

# पूरे प्रदेश में स्टेडियमों की हालत खस्ता ध्यान नहीं दे रही सरकार : विनेश

- कहा : कई बार सीएम और खेल मंत्री को लिखा लेकिन समाधान आज तक नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना



जुलाना विधायक विनेश फोगाट।

प्रदेश में खेल सुविधाओं की दयनीय स्थिति को लेकर कांग्रेस विधायक और ओलंपिक खिलाड़ी विनेश फोगाट ने कड़ा रोष जताया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में दो युवा खिलाडिय़ों की मृत्यु बेहद दुखद और चिंताजनक घटना है। यह हादसा प्रदेश में खेल संरचनाओं की बदहाल व्यवस्था की ओर स्पष्ट इशारा करता है। उन्होंने कहा कि जुलाना ही नही बल्कि पूरे प्रदेश में स्टेडियमों की हालत खस्ता पड़ी है।

जिसके चलते खिलाड़ी सुरक्षित और उचित माहौल नहीं पा रहे हैं। विनेश फोगाट ने बताया कि उन्होंने दो से तीन बार मुख्यमंत्री और खेल मंत्री को लिखित शिकायत भेजकर इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करवाया है। लेकिन आज तक किसी भी स्तर से कोई ठोस कदम नही उठाया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह खेलों को बढ़ावा देने की बातें मंचों से की जाती हैंए जमीन पर उनकी तस्वीर बिल्कुल उलटी दिखाई देती है। स्टेडियम में ट्रैक होना तो दूर की बात हैए कई जगह तो स्टेडियम नाम की चीज भी मौजूद नही केवल ग्राउंड ही बनाया गए हैं वो भी उबड़-खाबड़ हालत में हैं। फोगाट ने कहा कि कई बार डीसी और एसडीओ से बजट की जानकारी मांगी गईए लेकिन हर बार अलग-अलग जवाब मिले और किसी ने भी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई। कभी कुछ बताते हैंए कभी कुछ। कई बार डिटेल मांगी लेकिन कोई रिपोर्ट नही दी गई।

# गांव कंडेला के चबूतरे पर यूथ एजूकेशन सोसायटी के कलाकारो ने बांधा समां

- केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर किया लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। कलाकारों को सम्मानित करती गांव कंडेला की ग्राम पंचायत।

यूथ एजूकेशन सोसायटी के कलाकारों ने वीरवार को गांव कंडेला के चबूतरे पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों का न केवल खूब मनोरंजन किया बल्कि सरकारी योजनाओं को लेकर भी जागरूक किया। कार्यक्रम संचार ब्यूरो गीत एवं नाटक प्रभाग चंडीगढ़ के तत्वावधान मे आयोजित किया गया था। कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि के तौर पर सरपंच प्रतिनिधी अजमेर तथा पंचायत सचिव विरेंद्र कुमार शामिल हुए। सोयायटी के प्रधान रमेश तथा गुरप लीडर किरण गिल ने बताया कि केंद्र सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाएं हैं।

जागरूकता के अभाव में लोग योजनाओं का सही तरीके से लाभ नही ले पाते। गीत, नृत्य तथा नाटक के माध्यम से लोगों को केंद्रीय लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया है। जिसमें पीएम किसान निधि, पीएम फसल योजना, अटल पैंशन योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, किसान क्रेडिट, सुकन्या योजना, जनधन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा समेत अन्य कल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं।




जींद। चलते फिरते अस्पताल में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

### अर्जुन नगर में पहुंची आदित्य सुरजेवाला की वैन

कैथल। कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर शुरू की गई आदित्य निःशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन कैथल शहर के वार्ड नंबर 1 अर्जुन नगर में पहुंची। इस चलते-फिरते अस्पताल में क्वार्डवासियों को पूरी तरह निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गईं। सुबह से ही अर्जुन नगर में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। डॉक्टरों की टीम ने सैकड़ों मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य बीमारियां और अन्य जांचें कीं तथा मौके पर ही जरूरी दवाइयां मुफ्त प्रदान कीं। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने इस सुविधा की खूब सराहना की।

आदित्य सुरजेवाला का धन्यवाद करते हुए वार्डवासियों ने कहा कि घर के पास ही इतनी अच्छी सुविधा मिल जाए, इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है। आज तक ऐसा विधायक नहीं मिला जिन्होंने जनता की सेवा के लिए फ्री चेकअप और निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया जा रहा है।

# ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल में करवाई गणित प्रश्नोत्तरी, दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




कैथल। प्रधानाचार्या अंजु तलवाड विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विख्यात गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन क्लब की ओर से गणित विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कक्षा दसवीं के चयनित विद्यार्थियों को छह सदनों में विभाजित किया गया। स्वामी विरजानंदसदन, स्वामी दयानंद सदन,स्वामी श्रद्धानंद सदन,स्वामी विवेकानंद सदन, गुरुदत्त विद्यार्थी सदन और महात्मा हंसराज सदन के बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया।कार्यक्रम के आरंभ से लेकर अंत तक बहुविकल्पीय राउंड, अभिकथन और कारण राउंड , बुनियादी अंकगणित ,कथन और निष्कर्ष ,बजर दबाकर जवाब देना ,तेजी से पूछे जाने वाले प्रश्न आदि शामिल किए गए जिसमें पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी सदन ने अपने अंको की अधिकता के कारण अंक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं दूसरी ओर स्वामी विवेकानंद सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और महात्मा हंसराज सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# स्तनपान कक्ष स्थापित करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। वीसी को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए एनएसयूआई सदस्य। फोटो :हरिभूमि

एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. रामपाल सैनी को विश्वविद्यालय परिसर में स्तनपान कक्ष, मातृत्व कक्ष की स्थापना की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एनएसयूआई सीआरएसयू के अध्यक्ष जयदीप सिंधु ने किया।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में पढऩे वाली तथा कार्यरत कई छात्राएं एवं कर्मचारी मातृत्व अवस्था में होती हैं। जिनके लिए स्तनपान हेतु सुरक्षित, स्वच्छ और निजतायुक्त स्थान उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में ऐसे किसी कक्ष की अनुपस्थिति के कारण माताओं को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है। जयदीप सिंधु ने कहा कि यह सुविधा केवल छात्राओं ही नही बल्कि विश्वविद्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारियों और बाहर से आने वाली अभ्यर्थियों, माताओं के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। विश्वविद्यालय मुख्य भवन या किसी केंद्रीय स्थान पर सुविधायुक्त स्तनपान कक्ष तुरंत स्थापित किया जाए। मौके पर मनजीत खोखरी, आशीष मलिक, सोनू, सचिन, रविंद्र, प्रवेश कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नप कैथल के 165 सफाई कर्मचारी परिवार सहित भूखा मरने के कगार पर: महेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




कैथल। कर्मचारी नेता शिवचरण कर्मचारियों को संबोधित करते हुए।

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बलोक कमेटी कैथल ने नगर परिषद कैथल के प्रागण मे ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की अध्यक्षता में 13वें दिन भी धरना-प्रदर्शन किया।

इसका संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से महेंद्र बिड़लान विक्की टांक व जिला प्रधान गौरव टांक कहा की नगर परिषद कैथल मे सफाई का कार्य ईमानदारी से कर रहे 165 सफाई कर्मचारियो को ठेका खत्म होने के बाद नगर परिषद प्रसाशन ने उन्हे हटाए कर धर का रास्ता दिखा दिया है। इस कारण ये कर्मचारी परिवार समेत भूखा मरने के कगार पर आ गए हैं। नगर परिषद कैथल के कर्मचारी किसी भी सूरत में ये बर्दाश्त नहीं करगे और अगर इन कर्मियो को जल्द ही डयूटी पर वापिस नही लिया तो आंदोलन को ओर तेज करेगे। इसकी जिम्मेदारी नप प्रसाशन व राज्य सरकार की होगी। 13वें दिन ब्लॉक कमेटी द्वारा तीसरी बार एक ज्ञापन कार्यकारी अधिकारी, चैयरमैन, डीएमसी व जिला आयुक्त को भेजा है।

# युवाओं ने कंडक्टर लाइसेंस के लिए फर्स्ट एड ट्रेंनिंग ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका

- उपमंडल के गांव भूना में लगाया जीवन रक्षक प्रशिक्षण आपके द्वार कैंप



गुहला चीका। डॉक्टर राजा सिंह झींजर विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देते हुए। फोटो :हरिभूमि

सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया नई दिल्ली द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे /"जीवन रक्षक प्रशिक्षण-आपके द्वार/" कार्यक्रम की आम जनता में भरसक सराहना हो रही है। एसोसिएशन द्वारा गांव दर गांव जाकर बेरोजगार युवाओं को रोजगार और जीवन सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाना वास्तव में सराहनीय कदम है। यह विचार प्रसिद्ध समाजसेवी एवं जाने माने वकील जीवन सिंह नेंन ने कहा कि समाज सेवा और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रयास करना मानवीय जीवन का सबसे बड़ा कर्तव्य है ऐसे कार्यों में युवाओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। नैन ने कहा कि यह बाद गंभीर विषय है कि सड़क दुर्घटनाओं में आए दिन लगभग 470 आदमी मौत का ग्रास बनते हैं। गांव भूना स्थित शिशु निकेतन स्कूल में जीवन रक्षक प्रशिक्षण-आपके द्वार कैंप लगाकर 30 बेरोजगार युवाओं को कंडक्टर लाइसेंस के लिए बेसिक फर्स्ट एड एंड रोड सेफ्टी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**स्वच्छता को लेकर निबंध व पेंटिग प्रतियोगिता करवाई**

राजौंद। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में नगर पालिका प्रशासन द्वारा स्वच्छता को लेकर निबंध,पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष बबीता रानी ने पहुंच कर फर्स्ट सेकंड थर्ड आए विद्यार्थियों को किट देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान स्कूल स्टाफ सदस्यों ने भी सहयोग किया। नगर पालिका अध्यक्ष बबीता रानी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता के माध्यम से ही नगर में स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाया जा सकता है, इस अभियान में सबको सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार 10 दिन तक यह कार्यक्रम चलाया जाएगा और इन 10 दिनों में अलग-अलग स्थानों पर लोगों को जागरूक करने के लिए इस अभियान को शुरू किया गया है। चेयरपर्सन ने बताया कि नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों में ऐसे कार्यक्रम प्रतिदिन किए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

भाई उदय सिंह किला पर होगा गीता जयंती महोत्सव का आयोजन

# भाईचारा एवं समरसता का संदेश देगा महोत्सव

**29 से 1 दिसंबर तक होगा गीता जयंती महोत्सव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल




कैथल। डीसी प्रीति गीता जयंती समारोह के बारे में जानकारी लेतीं हुईं।

डीसी प्रीति ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी गीता संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक भाई उदय सिंह किला परिसर में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हवन यज्ञ एवं गीता पूजन से इस महोत्सव की विधिवत शुरुआत होगी। इसको लेकर तैयारियों जोरों पर चल रही हैं। सभी विभाग अपनी अपनी जिम्मेदारियों को लेकर संजीदगी से काम कर रहे हैं। तीनों दिन अलग अलग समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों होंगे, जिनमें स्थानीय कलाकारों व स्कूली बच्चों द्वारा गीता के संदेश पर आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। यह गीता जयंती महोत्सव कर्तव्य पालन, भाईचारा एवं समरसता का संदेश देगा।

डीसी प्रीति वीरवार को लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस रूम में पत्रकारों वार्ता को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले 28 नवंबर को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली अड्डा में गीता सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। 29 नवंबर को सुबह 10 बजे भाई उदय सिंह किला पर गीता यज्ञ से गीता जयंती से महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इसी दिन प्रदर्शनी का भी शुभारंभ होगा।

**एसडीएम अजय कुमार होंगे नोडल अधिकारी**

इसके साथ-साथ पूरे कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसडीएम अजय कुमार होंगे और शोभा यात्रा के नोडल अधिकारी शुगर मिल के एमडी कृष्ण कुमार होंगे। आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने हेतु अलग-अलग अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की बैठक भी ली गई है। इस महोत्सव में शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं पूर्व की भांति इस बार भी पूरी भक्ति भावना से अपनी सहभागिता करेंगी। इस बार गीता जयंती महोत्सव में धार्मिक सद्भाव का संदेश देगा। सभी जिलावासी इस गीता जयंती महोत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लें और गीता के श्लोकों को आत्मसात करें, क्योंकि भागवद गीता के श्लोक हमें कर्तव्य पालन, आत्मसंयम, और निष्काम कर्म की शिक्षा देते हैं।

### एसपी कैथल ने किया परेड का निरीक्षण

कैथल। सुबह पुलिस लाइन में विशेष परेड का आयोजन किया गया। परेड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक उपासना ने किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सभी थाना, चौकी, महिला थाना, साइबर शाखा, यातायात इकाई तथा जिले की अन्य पुलिस यूनिटों से उपस्थित हुए कर्मचारियों की वर्दी, उनकी अनुशासन शैली और ड्यूटी तैयारी का बारीकी से मूल्यांकन किया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस बल की पहचान उनके पेशेवर आचरण, अनुशासन और वर्दी की शुद्धता से होती है। एसपी ने कहा कि हरियाणा पुलिस नियमावली द्वारा तय मानकों जैसे कि काली/खाकी डोरी, काली/खाकी कैप, कटिंग, शेविंग, सही प्रकार के बैज, बेल्ट, पॉलिश जूते तथा निर्धारित विशेष वर्दी नियमों को भी सही तरीके से लागू करने के निर्देश दिए।